4th Year Anniversary

RNI NO PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS


## गुस्ताखी माफ



सत्ताधारी कह रहे, बजट बड़ा है खास।
मगर विपक्षी बोलते, बजट बड़ा बकवास।
बजट बड़ा बकवास, यही है होता आया।
इक तो लट्टू हुए, दूसरों को ना भाया।
कह साहिल कविराय, सियासत है यह सारी।
दिखें विपक्षी दुखी, खुश फिरें सत्ताधारी।

– डॉ. राजेन्द्र साहिल

VOL: 11 | ISSUE 22 | TUESDAY 03-02-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com



Celebrate your Birthday
or Anniversary with UTURN TIME
in association with
Hot Breads
0161-4603333, 5012222
2 LUCKY WINNERS WILL GET CAKE WORTH OF ₹1200 EACH
*WINNERS WILL BE DECIDED THROUGH LUCKY DRAW
T&C
FOR MORE DETAILS, CALL: 99882-20063, 98142-95372
janhetaishi@gmail.com, hetaishinews@gmail.com
All rights about Distribution & Offer will be reserved by U-TURN TIME MANAGEMENT Only.

# एक्सचेंज बनाम बाजार: सोना-चांदी की कीमतों में दोहरी तस्वीर

चंडीगढ़/यूटर्न/2 फरवरी। ग्लोबल मार्केट से मिले संकेतों के बाद सोमवार को मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने और चांदी की कीमतें स्थिर बनी रहीं। हालांकि, एक्सचेंज पर होने वाले उतार-चढ़ाव का असर भारतीय उपभोक्ताओं द्वारा चुकाई जाने वाली कीमतों पर पूरी तरह से नहीं दिखा, जिससे एमसीएक्स दरों और घरेलू रिटेल बाजारों के बीच लगातार अंतर बना हुआ है। ग्लोबल बिकवाली के बाद एमसीएक्स पर सोने के वायदा भाव में उतार-चढ़ाव और हाल ही में तेज गिरावट देखी गई, जबकि बाजार की अनिश्चितता के बीच चांदी में भी काफी उतार-चढ़ाव आया। हालांकि, घरेलू बुलियन डीलरों का कहना है कि प्रमुख शहरों में रिटेल कीमतें शुद्ध एमसीएक्स बेंचमार्क की तुलना में अभी भी ऊंची बनी हुई हैं।



## रुपए में उतार चढ़ाव घरेलू कीमतों पर डालते हैं असर

भारत अपने अधिकांश सोने और चांदी का आयात करता है, इसलिए अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में होने वाले उतार-चढ़ाव घरेलू कीमतों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यहां तक कि जब एमसीएक्स की कीमतें स्थिर रहती हैं, तब भी कमजोर रुपया स्थानीय कीमतों को बढ़ा सकता है। मांग-आपूर्ति की गतिशीलता भी इस अंतर को प्रभावित करती है। शादी का सीजन आने और ग्रामीण मांग में धीरे-धीरे सुधार होने के कारण, देश के कई हिस्सों में, खासकर दक्षिण और पश्चिम भारत में, फिजिकल मार्केट प्रीमियम बढ़ गए हैं।

## रिटेल निवेशकों को करता है भ्रमित

विश्लेषकों का कहना है कि यह बेमेल अक्सर रिटेल निवेशकों को भ्रमित करता है, जो उम्मीद करते हैं कि एमसीएक्स की कीमतों में होने वाले उतार-चढ़ाव वैसे ही दिखेंगे जैसे वे ज्वेलरी स्टोर पर देखते हैं। विशेषज्ञ खरीदारों को सलाह देते हैं कि खरीदारी का फैसला लेने से पहले सिर्फ एक्सचेंज की कीमतों पर ही नहीं, बल्कि स्थानीय प्रीमियम और टैक्स घटकों पर भी नजर रखें। जैसे-जैसे ग्लोबल अनिश्चितता कीमती धातुओं की कीमतों को प्रभावित कर रही है, एमसीएक्स पर पेपर ट्रेडिंग और भारत में फिजिकल कीमतों के बीच यह अंतर निकट भविष्य में भी बने रहने की उम्मीद है।

## एमसीएक्स की कीमतें सिर्फ धातु पर बेस

बाजार के जानकारों का कहना है कि एमसीएक्स की कीमतें सिर्फ धातु की बेस वैल्यू को दिखाती हैं, जबकि घरेलू कीमतें कई अतिरिक्त कारकों से प्रभावित होती हैं। आयात शुल्क, वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी), स्थानीय शुल्क, मेकिंग चार्ज और ट्रांसपोर्टेशन लागत उपभोक्ताओं द्वारा चुकाई जाने वाली अंतिम कीमत में काफी बढ़ोतरी करते हैं। मुंबई के एक बुलियन डीलर ने कहा एमसीएक्स दर एक रेफरेंस कीमत है, असली बाजार कीमत नहीं। जब तक सोना रिटेल काउंटर तक पहुंचता है, बाजार की स्थितियों के आधार पर टैक्स और लागत प्रति 10 ग्राम पर 3,000 से 5,000 तक बढ़ सकती है। करेंसी में उतार-चढ़ाव इस अंतर को और बढ़ा देता है।

## एमसीएक्स बनाम भारतीय रिटेल बनाम अंतर्राष्ट्रीय स्पॉट

एमसीएक्स पर अप्रैल 2026 कॉन्ट्रैक्ट के लिए सोने का वायदा 1,40,000 से 1,46,000 प्रति 10 ग्राम की रेंज में ट्रेड कर रहा था, जबकि चांदी का वायदा 2,56,000 और 2,65,000 प्रति किलोग्राम के बीच चल रहा था। इसके विपरीत, भारतीय रिटेल कीमतें ज्यादा रहीं, शहर और शुद्धता के आधार पर सोना 1,38,000 से 1,62,000 प्रति 10 ग्राम के बीच था और फिजिकल मार्केट में चांदी की कीमत लगभग 3,70,000 से 4,00,000 प्रति किलोग्राम से ज्यादा थी। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर, स्पॉट सोना 4,700 डॉलर से 4,900 डॉलर प्रति औंस की रेंज में ट्रेड कर रहा था, जो मौजूदा एक्सचेंज रेट पर लगभग 1,52,000 से 1,59,000 प्रति 10 ग्राम के बराबर है, जबकि स्पॉट चांदी 80 डॉलर और 85 डॉलर प्रति औंस के बीच थी, जो लगभग 2,70,000 से 2,87,000 प्रति किलोग्राम के बराबर है।

## यह अंतर क्यों है ?

एमसीएक्स की कीमतें पेपर-ट्रेडिंग बेंचमार्क हैं और इनमें टैक्स, शुल्क या प्रीमियम शामिल नहीं हैं। घरेलू रिटेल कीमतों में ॠळ, आयात शुल्क, डीलर प्रीमियम और लॉजिस्टिक्स शुल्क शामिल होते हैं। अंतर्राष्ट्रीय स्पॉट कीमतें वैश्विक आपूर्ति-मांग के रुझान, डॉलर की मजबूती और मैक्रोइकोनॉमिक बदलावों को दर्शाती हैं, जो भारतीय एक्सचेंज की कीमतों को केवल आंशिक रूप से प्रभावित करते हैं।

# पीरमुच्छल्ला में युवक पर जानलेवा हमला, पुरानी रंजिश में वारदात

जीरकपुर, यूटर्न, 02 जनवरी। पीरमुच्छल्ला स्थित जीएमएस-4 सोसाइटी में एक युवक पर जान से मारने की नीयत से हमला करने का गंभीर मामला सामने आया है। हमले में युवक बुरी तरह घायल हो गया, जिसे गंभीर हालत में जीएमसीएच सेक्टर-32 चंडीगढ़ में भर्ती कराया गया है। घायल की पहचान अंकित राणा के रूप में हुई है। पुलिस को दिए बयान में अंकित के मित्र रमेश कुमार ने बताया कि वह पिछले करीब तीन महीनों से अंकित राणा के साथ उसी फ्लैट में रह रहा है। घटना 1 फरवरी 2026 की देर रात की है। रमेश के अनुसार रात करीब दो बजे दोनों ने खाना खाया, जिसके बाद वह अपने कमरे में सो गया, जबकि अंकित ड्राइंग रूम में फोन पर बात कर रहा था। सुबह करीब छह बजे फ्लैट के बाहर शोर सुनाई देने पर रमेश की नींद खुली। जब उसने दरवाजा खोला तो देखा कि अंकित गंभीर रूप से घायल अवस्था में बाहर पड़ा हुआ था।

# LRGMA एक्सपो बनेगा लुधियाना गारमेंट इंडस्ट्री का ग्लोबल गेटवे, दो दिन में 9 हजार से ज्यादा विज़िटर






लुधियाना, यूटर्न 02 जनवरी। पीएयू ग्राउंड में समर गारमेंट बुकिंग के लिए आयोजित 7वीं एलआरजीएमए बी-टू-बी प्रदर्शनी ने इस बार कारोबार के नए कीर्तिमान की ओर कदम बढ़ा दिए हैं। प्रदर्शनी के दूसरे दिन की समाप्ति तक विज़िटरों की संख्या 9 हजार पार कर चुकी है, जो पिछले वर्ष के तीन दिवसीय समर फेस्ट के बराबर मानी जा रही है, जबकि अभी एक दिन और शेष है। एलआरजीएमए के चेयरमैन दर्शन लाल गाबा ने इसे लुधियाना गारमेंट सेक्टर के लिए 'भविष्य का रोडमैप' बताया।









Uturn Time 03 Feb 2026_Layout 2 02-02-2026 23:20 Page 3

RNI NO PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM
4th Year Anniversary

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India
FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS




VOL: 11 | ISSUE 22 | TUESDAY 03-02-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com



# चंडीगढ़ से अवैध शराब लाकर हिमाचल में बेचने वाले दो तस्कर काबू, 156 बोतल अवैध शराब बरामद

पंचकूला, यूटर्न, 02 जनवरी। पंचकूला पुलिस की डिटेक्टिव स्टाफ टीम ने अवैध शराब तस्करी के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए दो शातिर तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब, रम तथा एक बोलेरो वाहन बरामद किया है।


दिनांक 01 फरवरी 2026 को डिटेक्टिव स्टाफ पंचकूला की टीम एएसआई गोपाल व एएसआई महिपाल के नेतृत्व में माजरी चौक क्षेत्र में गश्त एवं नाकाबंदी पर मौजूद थी। इसी दौरान गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि जगदीश चन्द व रमेश कुमार, निवासी जिला शिमला (हि.प्र.), चंडीगढ़ से सस्ते दामों पर अवैध शराब लाकर हिमाचल प्रदेश में महंगे दामों पर बेचने का कार्य करते हैं तथा वर्तमान में सेक्टर-21 पंचकूला में अपनी बोलेरो गाड़ी में अवैध शराब लेकर खड़े हैं। सूचना के आधार पर पुलिस



टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बताए गए स्थान पर रेड की। मौके पर बोलेरो गाड़ी में बैठे दोनों आरोपियों को काबू किया गया। तलाशी के दौरान वाहन से ओल्ड मॉन्क मार्का रम की 8 पेटियां (कुल 96 बोतल) तथा रॉयल स्टैग अंग्रेजी शराब की 5 पेटियां (कुल 60 बोतल) बरामद की गई।

आरोपियों से शराब संबंधी कोई भी वैध लाइसेंस अथवा परमिट प्रस्तुत नहीं किया जा सका। पुलिस द्वारा अवैध शराब ,आरोपियों के मोबाइल फोन तथा बोलेरो वाहन को भी कब्जे में लिया गया।

इस संबंध में थाना सेक्टर-20 पंचकूला में धारा 61(1)(अ )-4/2020 हरियाणा संशोधित आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग अंकित किया गया। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी जगदीश चन्द को पुलिस रिमांड पर लिया गया है, जबकि आरोपी रमेश कुमार को माननीय अदालत में पेश कर 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। मामले में आगे की जांच जारी है।














4th Year Anniversary
RNI NO PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM
# यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India
FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS





VOL: 11 | ISSUE 22 | TUESDAY 03-02-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER    Visit at : www.uturntime.com

# सोना चांदी ही नहीं पंजाब की रियल एस्टेट मार्किट भी हुई क्रैश !

## प्लाट मालिकों ने सोशल मिडिया पर पोस्ट डाल लगाई सेल

लुधियाना/यूटर्न/2 फरवरी। एक तरफ जहां सोना-चांदी के दामों में तेजी से भारी गिरावट आई है। वहीं उसी के साथ साथ रियल स्टेट सेक्टर भी प्रभावित हो गया है। दरअसल, पहले सोना-चांदी की बढ़ती कीमतों को देख लोगों द्वारा धड़ल्ले से इन्वेस्टमेंट की। लेकिन अब एकदम मार्केट क्रैश होने पर बड़े-बड़े लोगों दिवालिया होने की कगार पर आ चुके हैं। जिसके चलते अब लोग अपने नुकसान की भरपाई के लिए प्रॉपर्टियां बेचने में जुट गए हैं। जिसकी ताजा उदाहरण लुधियाना में देखने को मिली। शहर के साउथ सिटी रोड पर ऐसी पॉश कॉलोनियां जहां पर रहना किसी के लिए सपनों से कम नहीं है और वहां पर जमीन की कीमत सवा लाख से डेढ़ लाख रुपए प्रति गज है। वहां के कॉलोनी के प्लाट मालिकों द्वारा अब अपनी भरपाई के लिए आधे दामों पर प्लॉट बेचने शुरू कर दिए हैं। जिसकी बकायदा सोशल मीडिया पर पोस्ट भी डाली जा रही है।






### कॉलोनाइजर भी नहीं बचा पा रहे साख

वहीं पहले नामी कॉलोनियों में प्लॉट लेने वाले कुछ लोग जरुरत पड़ने पर अपने प्लॉट बेचते थे तो कॉलोनाइजर अपनी कॉलोनियों की साख और दाम बरकरार रखने के लिए खुद ही उक्त प्लॉट खरीद लेते थे, ताकि कॉलोनी का बजारी रेट कायम रहे। लेकिन सोना-चांदी में इन्वेस्टमेंट और घाटे के बाद कॉलोनाइजरों की हालत खराब हो चुकी है। दूसरी तरफ सरकार द्वारा रियल एस्टेट सेक्टर पर की सख्ती के बाद अब कॉलोनाइजर कोई भी प्लॉट खरीदने को तैयार नहीं है। यहां तक कि वह अपने प्लॉट सस्ते में भी बेच रहे हैं।

### एमसीएक्स को चुका रहे पैसा

लुधियाना के कई कारोबारियों द्वारा एमसीएक्स में पैसा इन्वेस्ट किया गया था। जिसमें उन्होंने पांच प्रतिशत मार्जन मनी देकर बुकिंग करवा ली थी। लेकिन शुक्रवार को एकदम से एमसीएक्स में रेट गिरने से उक्त कारोबारी फंस चुके हैं। जिसके चलते अब वह पैसा चुकाने के लिए प्रॉपर्टियों को ओने पोने दाम में बेच रहे हैं। जिसके चलते सोने चांदी की मार्केट क्रैश होने के बाद इसका सीधा असर रियल एस्टेट सेक्टर को भी पड़ा है।

**कइयों ने जमीनें बेच सोने-चांदी में किया इन्वेस्ट...**वहीं चर्चाएं हैं कि पिछले समय में सोने-चांदी की मार्केट में काफी तेजी से बढ़ोतरी हुई। जिसके चलते जहां पहले लोग सोचते थे कि जमीनें लेकर रख ली जाए और फिर कुछ साल बाद उसके दाम बढ़ने पर मुनाफा होगा। वहीं सोने चांदी की मार्केट में चंद दिनों के अंदर भारी मुनाफा देखकर लोगों ने अपनी जमीनें बेचकर इन्वेस्टमेंट कर डाली। जिसके चलते कइयों को तो भारी मुनाफा भी हुआ। लेकिन कुल मिलाकर सोने चांदी के इस खेल में जमकर सस्ते भाव पर प्रॉपर्टियों की खरीद फिरौख्त हुई।

# डेरा ब्यास प्रमुख ने जेल में मजीठिया से मुलाकात की; कहा- बिक्रम पर लगे आरोप झूठे हैं



नवीन गोगना

नाभा, युटर्न, 2 फरवरी। डेरा ब्यास प्रमुख बाबा गुरिंदर सिंह ढिल्लों आज अचानक नाभा जेल पहुंच गए, जहां उन्होंने जेल में बंद सीनियर अकाली नेता बिक्रम सिंह मजीठिया से मुलाकात की। मजीठिया से मिलकर बाहर आए बाबा गुरिंदर ढिल्लों ने रिपोर्टरों से बहुत साफ लहजे में बात करते हुए कहा, ₹मजीठिया मेरे दोस्त हैं, मैं उनसे मिलने जरूर आऊंगा।₹ जेल में हुई बातचीत के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि मजीठिया उनके परिवार के रिश्तेदार हैं और ₹परिवार की बातें परिवार में ही रहनी चाहिए। बिक्रम मजीठिया पर लगे आरोपों के बारे में पूछे जाने पर बाबा गुरिंदर सिंह ढिल्लों ने साफ शब्दों में कहा कि आरोप झूठे हैं। उन्होंने कहा कि मजीठिया पर लगे सभी आरोप बेबुनियाद और गलत हैं। हालांकि उन्होंने कहा कि सरकारें या जांच एजेंसियां अपना काम कर रही हैं, यह उनका काम है और उन्हें ऐसा करने देना चाहिए, लेकिन पर्सनली वह इन आरोपों को सच नहीं मानते।डेरा ब्यास चीफ की यह मुलाकात काफी अहम मानी जा रही है, क्योंकि डेरा का पंजाब की राजनीति में बड़ा असर है। मजीठिया के पक्ष में यह बयान अकाली दल के लिए बड़ी राहत और विरोधियों के लिए सवाल खड़े कर सकता है।

# बजट 2026-27: केंद्र ने चंडीगढ़ का हिस्सा 437.66 करोड़ रुपये घटाया

चंडीगढ़/यूटर्न/2 फरवरी। केंद्र सरकार ने केंद्र शासित प्रदेश के बिजली विभाग के प्राइवेटाइजेशन के कारण यूनियन बजट 2026-27 में चंडीगढ़ के लिए आवंटन में 437.66 करोड़ रुपये की कटौती की है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में पेश किए गए बजट में, केंद्र शासित प्रदेश के लिए अनुमान 6,545.52 करोड़ रुपये था, जिसमें रेवेन्यू के लिए 5,939.52 करोड़ रुपये और पूंजीगत खर्च के लिए 606 करोड़ रुपये शामिल थे। 2025-26 के लिए अनुमान 6,983.18 करोड़ रुपये था, जिसमें रेवेन्यू के लिए 6,185.18 करोड़ रुपये और पूंजीगत खर्च के लिए 798 करोड़ रुपये शामिल थे। इस साल शहर को रेवेन्यू हेड के तहत 245.66 करोड़ रुपये और पूंजीगत हेड के तहत 192 करोड़ रुपये कम मिले हैं।




### अनुदान सहायता बढ़ाई गई

पूंजीगत हेड के तहत फंड विकास कार्यों और संपत्ति निर्माण के लिए होते हैं, जबकि रेवेन्यू हेड के तहत फंड वेतन और अन्य आवर्ती खर्चों पर खर्च किए जाते हैं। इसके अलावा, नगर निगम (MC) को अनुदान सहायता 2025-26 में 625 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 2026-27 में 850 करोड़ रुपये कर दी गई है, जो 36% की वृद्धि है। साथ ही, क्षेत्र के प्रमुख स्वास्थ्य संस्थान, ढत्र्ह्टएफको आने वाले वित्तीय वर्ष के लिए 2,559.65 करोड़ रुपये मिलेंगे, जो पिछले साल के संशोधित बजट अनुमानों से 141.79 करोड़ रुपये अधिक है।

**शिक्षा :** आधुनिकीकरण और उपकरणों की खरीद, ठउउ के लिए बुनियादी ढांचे का विकास, सुविधाओं/सेवाओं का प्रावधान, नए पॉलिटेक्निक, महिलाओं के लिए सरकारी पॉलिटेक्निक और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का आधुनिकीकरण।

**स्वास्थ्य :** 50-बेड वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को 250-बेड वाले अस्पताल में अपग्रेड करना, 50-बेड वाले पॉलीक्लिनिक, ग्रामीण सहायक स्वास्थ्य केंद्र, शहरी सहायक स्वास्थ्य केंद्र, कर्मचारी राज्य बीमा योजना, और अन्य स्वास्थ्य देखभाल योजनाओं को मजबूत करना।

**महिलाओं और बच्चों का कल्याण :** बुजुर्गों और बेसहारा लोगों के लिए घर का नवीनीकरण/जोड़/निर्माण, भागे हुए जोड़ों के लिए सुरक्षा केंद्र, कामकाजी माताओं के बच्चों के लिए क्रेच, चंडीगढ़ बाल और महिला विकास निगम में शेयर पूंजी योगदान, केंद्र प्रायोजित एकीकृत बाल संरक्षण योजना के कार्यान्वयन के लिए मिलान योगदान और बाल अधिकार संरक्षण अधिनियम, 2005 के लिए वळ आयोग की स्थापना, लड़कियों के लिए बाल गृह, आदि।

**सड़क और परिवहन :** नई बसों की खरीद, खराब बसों को बदलना और बस स्टैंड का अपग्रेडेशन, चंडीगढ़ परिवहन उपक्रम का कंप्यूटरीकरण, लिंक रोड का निर्माण, और इंटरसिटी परिवहन के लिए वीडियो कोच बसों की खरीद। शहरी विकास : भूमि अधिग्रहण और सर्वे, इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, सड़कें, तूफानी पानी की निकासी, बिजली, आईटी पार्क, नागरिक कार्य, मशीनरी और उपकरण, रिसर्च वर्क, सुखना झील पर बांध और 24७7 पूरे शहर में पानी की सप्लाई का प्रावधान।

**दिव्यांगों और बुजुर्गों का कल्याण :** राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम लागू करना, विकलांगता अधिनियम लागू करना, शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों को पेट्रोल/डीजल पर सब्सिडी और विकलांग व्यक्तियों को बेरोजगारी भत्ता देना।

### बिजली विभाग के बजट को क या कम

केंद्र शासित प्रदेश के बिजली विभाग के प्राइवेटाइजेशन के कारण, वित्त मंत्रालय ने ऊर्जा क्षेत्र के तहत आवंटन को 2025-26 के बजट अनुमानों में 877.39 करोड़ रुपये से घटाकर वित्तीय वर्ष 2026-27 में 156.95 करोड़ रुपये कर दिया है, जो 720.44 करोड़ रुपये का समायोजन दशार्ता है। इस संरचनात्मक बदलाव को ध्यान में रखते हुए, 2026-27 के बजट अनुमानों में 282.28 करोड़ रुपये (4.63%) की वृद्धि दिखती है। चंडीगढ़ के बजट में मुख्य आवंटन में शिक्षा क्षेत्र के लिए 1,295.38 करोड़ रुपये (कुल बजट का 19.79%), आवास और शहरी विकास के लिए 1127.95 करोड़ रुपये (17.23%), पुलिस के लिए 970.53 करोड़ रुपये (14.83%), स्वास्थ्य के लिए 955.41 करोड़ रुपये (14.60%), परिवहन के लिए 459.51 करोड़ रुपये (7.02%) और ऊर्जा के लिए 189.67 करोड़ रुपये (2.90%) शामिल हैं। विभिन्न अन्य क्षेत्रों को 1,547.07 करोड़ रुपये (कुल बजट का 23.63%) के आवंटन से फायदा होगा।

### केंद्र ने चंडीगढ़ को ६९८३ करोड़ दिए थे

चालू वित्तीय वर्ष के लिए, केंद्र सरकार ने चंडीगढ़ को 6,983.18 करोड़ रुपये आवंटित किए थे। अगले वित्तीय वर्ष के लिए, प्रशासन ने अतिरिक्त 1,396.63 करोड़ रुपये का अनुरोध किया था, जिससे कुल मांग 8,379.81 करोड़ रुपये हो गई। निम्नलिखित विभिन्न क्षेत्र हैं जिनके लिए बजट आवंटन में प्रावधान किए गए हैं। बिजली और नवीकरणीय ऊर्जा : ऊर्जा के नए और नवीकरणीय स्रोत, और मॉडल सोलर सिटी कार्यक्रम को बढ़ावा देना।

यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India

# रविदास जयंती पर धार्मिक आयोजनों में शामिल हुए भाजपा नेता गुरदर्शन सिंह सैनी

जीरकपुर, यूटर्न, 02 जनवरी। शिरोमणि भगत रविदास महाराज जी के प्रकाश दिवस के अवसर पर हलके के विभिन्न गांवों और शहरों में आयोजित धार्मिक समागमों में वरिष्ठ भाजपा नेता सरदार गुरदर्शन सिंह सैनी ने शिरकत की। इस दौरान उन्होंने गुरुद्वारों और मंदिरों में माथा टेककर गुरु जी के चरणों में नतमस्तक होते हुए सर्वत्र भले की अरदास की।



सरदार सैनी विशेष रूप से जीरकपुर, भांखरपुर, बसौली, मीरपुर, बीजणपुर और खेड़ी गुज्जरां सहित कई अन्य गांवों में पहुंचे। उन्होंने धार्मिक स्थलों में हाजिरी भरने के उपरांत संगतों को प्रकाश पर्व की बधाई दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि श्री गुरु रविदास जी की वाणी न केवल हमें परमात्मा से जोड़ती है, बल्कि एक अच्छे और समतामूलक समाज की स्थापना का संदेश भी देती है। उन्होंने संगतों से अपील की कि गुरु रविदास जी के जीवन और दर्शन से प्रेरणा लेकर समाज में आपसी भाईचारे को और अधिक मजबूत किया जाए। सरदार सैनी ने कहा कि गुरु रविदास जी ने जाति-पाति और ऊंच-नीच के भेदभाव को समाप्त कर मानवता की समानता का संदेश दिया, जिसे आज के समय में आत्मसात करने की सबसे अधिक आवश्यकता है।

उन्होंने आगे कहा कि समाज की मजबूती आपसी प्रेम, सद्भाव और समानता से ही संभव है और गुरु रविदास जी की शिक्षाएं आज भी समाज को सही दिशा दिखाने का कार्य कर रही हैं। इस अवसर पर विभिन्न गांवों की प्रबंधक समितियों की ओर से सरदार गुरदर्शन सिंह सैनी को सिरोपा भेंट कर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रमों के दौरान उनके साथ हरप्रीत सिंह टिंकू (जिला प्रधान ओबीसी), पुष्पिंदर मेहता, सन्नत भारद्वाज सहित क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# स्कूल आफ एमीनेस मंडौर में बाल विवाह विरोधी जागरूकता सेमिनार आयोजित

पटियाला, यूटर्न, 2 फरवरी। नैशनल कानूनी सेवाएं प्राधिकरण व पंजाब राज्य कानूनी सेवाएं अथार्टी व मानयोग अवतार सिंह डिस्ट्रिक्ट व शैशन जज कम चेयरमैन जिला कानूनी सेवाएं प्राधिकरण पटियाला के संरक्षण में मानयोग मैडम मानी अरोड़ा चीफ जुडिशल मैजिस्ट्रेट कम इंचार्ज सैक्रेटरी की अगुवाई में जिला सांझ केंद्र व स्कूल प्रबंधक कमेटी के सहयोग से जिला कानूनी सेवाएं प्राधिकरण द्वारा सकूल आफ एमीनेस मंडौर में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहित कानूनी सेवाएं व बाल विरोधी जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। सैमीनार में वरिष्ठ समाजसेवी मोटीवेशन स्पीकर भगवान दास गुप्ता पैरा लीगल वालंटियर जिला कानूनी सेवाएं अथार्टी पटियाला ने मुफ्त कानूनी सेवाओं, तीन नए कानूनों, पंजाब पीड़ित मुआवजा योजना, यौन उत्पीड़न पीड़ित मुआवजा, श्रमिक कार्ड, पेंशन आदि, बाल विवाह, पोक्सो अधिनियम, महिला शोषण,टोल फ्री नंबर 15100 के बारे में जानकारी दी।



## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ

**Natural Justice:**
**सुनवाई का अधिकार और निष्पक्षता क्यों जरूरी है?**



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

कानूनी कार्यवाही में अक्सर कहा जाता है कि "Natural Justice का पालन होना चाहिए। यह शब्द सुनने में भारी लगता है, लेकिन इसका आधार बेहद सरल है। Natural Justice का मतलब है—न्याय ऐसा हो जो स्वाभाविक, निष्पक्ष और उचित लगे। कानून केवल नियमों का पालन नहीं, बल्कि न्याय की भावना भी देखता है।

Natural Justice के दो मूल सिद्धांत माने जाते हैं। पहला—जिसके खिलाफ निर्णय लिया जा रहा है, उसे सुनने का पूरा अवसर मिलना चाहिए। किसी भी व्यक्ति को बिना सुने, बिना कारण बताए, या अचानक दंडित करना न्याय के मूल सिद्धांतों के विरुद्ध माना जाता है। दूसरा—निर्णय लेने वाला निष्पक्ष होना चाहिए, यानी उसका किसी भी पक्ष में व्यक्तिगत हित या पूर्वाग्रह नहीं होना चाहिए। इस सिद्धांत का महत्व सिर्फ. अदालतों तक सीमित नहीं है। सरकारी विभाग, अनुशासनात्मक कार्रवाई, स्कूल-कॉलेज, सेवा नियम—हर जगह Natural Justice लागू होती है। यदि बिना नोटिस, बिना सुनवाई या बिना कारण बताए कोई फैसला ले लिया जाए, तो वही फैसला कानूनी चुनौती के दायरे में आ सकता है।

कई बार मामला पूरी तरह सही होते हुए भी केवल इस वजह से रद्द हो जाता है कि संबंधित व्यक्ति को सुनने का मौका नहीं दिया गया। इसका कारण यही है कि कानून परिणाम से ज्यादा प्रक्रिया को महत्व देता है। सही प्रक्रिया ही सही निर्णय की गारंटी मानी जाती है। Natural Justice कोई तकनीकी औपचारिकता नहीं है। यह न्याय व्यवस्था का नैतिक आधार है, जो यह सुनिश्चित करता है कि शक्ति का प्रयोग मनमाने ढंग से न हो।

निष्कर्ष : Natural Justice न्याय की आत्मा है। किसी को सुने बिना दंड देना और निष्पक्षता के बिना निर्णय लेना—दोनों ही कानून के विरुद्ध हैं। जब प्रक्रिया न्यायपूर्ण होती है, तभी परिणाम पर विश्वास किया जा सकता है।

## रूह से रूबरू





चारु नागपाल

### राजनीति नेताओं से कितने पैंतरे बदलवाती है?

राजनीति एक ऐसा मंच है जहाँ आदर्शों की बातें तो बहुत होती हैं, पर व्यवहार में पैंतरे ही सबसे ज्यादा दिखाई देते हैं। चुनाव के समय जो नेता जनता के सामने सच्चाई, ईमानदारी और विकास का सपना दिखाते हैं, सत्ता मिलते ही उनके शब्दों का अर्थ बदलने लगता है। कभी परिस्थितियों का बहाना बनाकर वादों से मुकरना, तो कभी विरोधियों को दोष देकर अपनी नाकामियोंको छिपाना-यही राजनीति की सामान्य तस्वीर बन चुकी है। एक झूठ को ढकने के लिए दूसरा झूठ बोलना जैसे उनकी रणनीति का हिस्सा हो गया है।

नेताओं के ये बदलते बयान और पल-पल बदलती नीतियाँ आम इंसान को भ्रमित कर देती हैं। वह यह समझ ही नहीं पाता कि सच क्या है और दिखावा क्या। महँगाई, बेरोजगारी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे असली मुद्दे पीछे छूट जाते हैं, जबकि भाषणों और आरोप-प्रत्यारोप का शोर बढ़ता जाता है। इस सबके बीच आम नागरिक मूक दर्शक बनकर तमाशा देखता रहता है, क्योंकि उसकी आवाज अक्सर सत्ता के गलियारों तक पहुँच ही नहीं पाती। फिर भी लोकतंत्र की ताकत इसी आमइंसान के हाथ में है। यदि वह जागरूक होकर सवाल पूछे, सच और झूठ में फर्क करे और अपने मत का सोच-समझकर प्रयोग करे, तो राजनीति को पैंतरे नहीं, बल्कि जवाबदेही बदलनी पड़ेगी।

# साध्वियों ने जैन गिरनार परिवार के निवास स्थान पर पहुंचकर दिए दर्शन

लुधियाना/यूटर्न/2 फरवरी। वर्तमान वल्लभ गच्छाधिपति पद्म श्री आचार्य भगवंत श्रीमद विजय नित्यानंद सूरीश्वर जी मा. सा. की आज्ञानुवर्तिनी परम पूज्य साध्वी प्रीति रत्ना जी मा. सा., साध्वी प्रीति यशा श्री जी मा. सा., साध्वी प्रीति सुधा श्री जी मा. सोमवार को स्व. दीपचंद जैन, दर्शना रानी जैन गिरनार घोड़े वाले के निवास पर पहुंचे। इस अवसर पर साध्वी श्री जी ने मंगलमय पाठ सुनाकर परिवार के प्रति सुख-शांति की कामना की। इस दौरान गुलशन जैन गिरनार ने विहार कमेटी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे पिताजी के समय से ही गुरु का हमारे निवास पर आना जाना रहता था। इस दौरान दर्शना रानी जैन ने कहा कि हमारी निवास पर साध्वी श्री का आना परिवार के लिए सौभाग्य है। इस अवसर पर मुनीष जैन ट्यूडर, तनु जैन, अरुण केसरिया, अनु जैन, सारिका जैन विहार आदि सदस्यगण उपस्थित थे।



# पंजाब एनजीओ एक्सपो में नोबल फाउंडेशन ने लगाया स्टॉल, बच्चों की कला देख अधिकारियों ने की सारहना







लुधियाना/यूटर्न/2 फरवरी। डीसी हिमांशु जैन की रहनुमाई में पंजाब एन.जी.ओ एक्सपो 2026 की ओर से लुधियाना इनडोर स्टेडियम, पक्खोवाल रोड में एग्जीबिशन का सोमवार को दूसरा दिन अपने आखिरी पड़ाव की ओर बढ़ा। डीसी हिमांशु जैन और निगम कमिश्नर नीरू कत्याल ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। डीसी हिमांशु जैन ने नोबल फाउंडेशन संस्था की स्टाल पर शिरकत करते समय स्टॉल पर उपस्थित सभी विद्यार्थियों से बातचीत कर उनसे फ्रूट ब्रेक के बारे में जानकारी प्राप्त की।

उन्होंने कहा कि संस्था का कार्य सराहनीय है और प्रत्येक विद्यार्थी एक फौजी की तरह अपने लक्ष्य के लिए वचनबद्ध है। उन्होंने कहा नोबल फाउंडेशन संस्था जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा प्रदान करके देश की नई पीढ़ी को सशक्त करने में बेहतरीन भूमिका निभा रही है। निगम कमिश्नर नीरू कत्याल ने नोबल फाउंडेशन संस्था की स्टाल पर पहुंचकर संस्था के विद्यार्थियों से बातचीत की उन्होंने संस्था के विद्यार्थियों में भरे आत्मविश्वास को खूब सराहा। गुरकीरत सिंह (डायरेक्टर गुलजार ग्रुप ऑफ कॉलेज), अश्विनी गर्ग (चेयरमैन महाराजा अग्रसेन सेवा संघ, रेनॉउनड इंडस्ट्रीयलिसट), गुरदेव सिंह (ए.सी.पी, ट्रैफिक), डॉ वंदना शाही (प्रिंसिपल बीसीएम स्कूल), जे.एस सिधु (प्रिंसिपल डी.ए.वी स्कूल), नवनीत जोशी (एग्जीक्यूटिव सेक्रेटरी रेड क्रॉस लुधियाना), रमेश बांसल (स्टॉक एक्सचेंज), ऋषभ गर्ग, श्वेता जिंदल (प्रेसिडेंट फिक्की लुधियाना), ऐम्बर (जिला डेवलपमेंट फील्ड ऑफिसर), मीनाक्षी जैन (स्टाइलिश बाथ), बी.डी गोयल भी नोबल फाउंडेशन संस्था की स्टॉल पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संस्था की ब्रांच मुंडियां कलां के विद्यार्थियों ने देश भक्ति गीत पर अपना नृत्य प्रदर्शन किया।

# 32 महीने पाकिस्तान की जेल में बिता कर लुधियाना अपने घर वापिस पहुंचा हरविंदर सिंह, दरिया में पानी के साथ बहकर पहुंचा था पाक

## काल कोठरी में बिताए पलों को याद करके काँप जाता है हरविंदर सिंह

राज बब्बर

जगराओं/यूटर्न/2 फरवरी। जगराओं के सिधवां बेट ब्लॉक के परजियां बिहारीपुर गांव का 28 साल का नौजवान हरविंदर सिंह, अपने दोस्त रतनपाल के साथ पाकिस्तान के लाहौर की कोटलखत जेल में 32 महीने बिताने के बाद घर लौटा। इस मौके पर हरविंदर सिंह ने बताया कि जुलाई 2023 में आई बाढ़ के दौरान वह सतलुज नदी के उस पार जालंधर इलाके का रहने वाले अपने दोस्त रतनपाल के साथ अपनी बहन के घर बाढ़ के पानी में बह गए सामान को उठाने गया था। पानी के तेज बहाव के कारण वह सतलुज के पानी में बह गया और अपने दोस्त के साथ पाकिस्तान पहुंच गया। जहां पाकिस्तानी रेंजर्स ने उसे पकड़कर बुरी तरह पीटा और आंखों पर पट्टी बांधकर किसी अनजान जगह पर ले गए। फिर उसे भारत का जासूस बताने की कोशिश करने लगे। इसके साथ ही, उसे रिमांड पर लेकर बहुत टॉर्चर किया गया और बिजली का करंट भी लगाया गया।



सरपंच जसवीर सिंह के साथ हरविंदर सिंह, उसका दोस्त रतनपाल और पाकिस्तान से छोड़े पांच अन्य कैदियों के साथ

### जुर्माना न भर पाने पर काटी अधीक जेल

फिर उसे एक काल कोठरी में बंद कर दिया जहां सूर्य की रोशनी भी नहीं थी और अंधेरे में उसे कुछ भी पता नहीं चलता था कि वो कहां है। उसे एक साल की जेल और 10,000 रुपये का जुमार्ना लगाकर जेल में डाल दिया गया। सजा पूरी होने के बाद भी उसे रिहा नहीं किया गया और 10,000 रुपये का जुमार्ना न भरने पर उसे और सजा काटनी पड़ी।

### कई और भारतीय पाक जेल में हैं बंद

इस मौके उसने यह भी बताया कि उसके साथ भारत के बीस ओर कैदी भी बंद थे। जिनमें कुछ बीमार थे ओर कुछ बजुर्ग शुगर की बीमारी से पीड़ित थे। लेकिन किसी को भी कोई दवाई नहीं दी जाती थी और न ही किसी को किसी से बात करने दी जाती थे। यहां तक कि पाकिस्तानी कैदियों को भी हमसे अलग रखा जाता था और कोई भी हमसे बात नहीं कर सकता था। बार बार बस एक ही बात कहते थे कि मान जाओ कि तुम्हें यहाँ भारत की तरफ से जासूसी करने भेजा है। इस मौके पर उसके परिवार ने कहा कि जब हरविंदर सिंह जेल में था, तब उसके पिता की मौत हो गई थी।

### गांव वासियों के सहयोग से हुई वापसी

इस मौके पर गांव के सरपंच जसवीर सिंह ने भी कहा कि गांव वासियों के सहयोग से आज वो हरविंदर सिंह ओर उसके दोस्त रतनपाल को वापिस लाने में कामयाब हुए हैं और अब हरविंदर सिंह को अपनी जिंदगी दोबारा शुरू करने में वो गांव वालों से मिलकर उसके परिवार की आर्थिक मदद भी करेंगे और वो पंजाब सरकार से अभी अपील करते हैं कि वो भी हरविंदर सिंह की आर्थिक मदद के लिए कुछ न कुछ जरूर करें।











# अस्पताल से लैपटॉप व मोबाइल चोरी मामले का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

पंचकूला, यूटर्न, 02 जनवरी। पुलिस ने थाना पिंजौर क्षेत्र में अस्पताल से हुई चोरी के मामले का सफल खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर चोरीशुदा लैपटॉप व मोबाइल फोन बरामद किए हैं। दिनांक 31 जनवरी 2026 को डॉ. प्रजेश खेड़ा, प्रोपराइटर खेड़ा अस्पताल, पिंजौर द्वारा थाना पिंजौर में शिकायत दी गई थी कि 21-22 दिसंबर 2025 की रात्रि उनके अस्पताल में चोरी की वारदात हुई, जिसमें एक एचपी कंपनी का लैपटॉप तथा एक सैमसंग मोबाइल फोन चोरी



हो गया था। शिकायत के आधार पर थाना पिंजौर में धारा 305 बीएनएस के तहत अभियोग दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले की जांच के दौरान थाना पिंजौर पुलिस एवं एंटी व्हीकल थैफ्ट स्टाफ पंचकूला द्वारा संयुक्त कार्रवाई करते हुए गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी अंकुर धीमान उर्फ अंकु पुत्र बचन सिंह, निवासी गांव खडीन, जिला सोलन (हि.प्र.), को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी से एक लैपटॉप तथा एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। चोरीशुदा सामान की बरामदगी होने पर अभियोग में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी की गई। आरोपी को माननीय अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजते हुए सेंट्रल जेल अंबाला भेजा गया।








# लग रहा है बड़े भाई भगवंत मान को छोड़ छोटे भाई नायब सैनी जी के संरक्षण में ही अब बचेगी जान- गुरमीत बबलू

## पंजाब में कानून-व्यवस्था पर सवाल, मानवाधिकार संगठन के पदाधिकारी को गैंगस्टर के नाम से जान से मारने की धमकी

- पाकिस्तान और कनाडा के नंबरों से व्हाट्सऐप ग्रुप में गाड़ियों के नंबर तक बताकर दी गई धमकी, पुलिस कमिश्नर से सुरक्षा की गुहार

अजीत झा

चंडीगढ़/अमृतसर, यूटर्न, 02 जनवरी। पंजाब में बिगड़ती कानून-व्यवस्था को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। अमृतसर के वरिष्ठ समाजसेवी एवं इंटरनेशनल ह्यूमन राइट्स ऑर्गेनाइजेशन के पंजाब अध्यक्ष गुरमीत सिंह बबलू को कथित गैंगस्टरों द्वारा जान से मारने की धमकी दी गई है। इस संबंध में उन्होंने पुलिस कमिश्नर को लिखित शिकायत देकर अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा की मांग की है।

शिकायत के अनुसार 2 फरवरी को गुरमीत सिंह बबलू को एक अंतरराष्ट्रीय नंबर से व्हाट्सऐप पर गंभीर धमकियां मिलीं। बताया गया कि सुबह करीब 11:27 बजे, जब वे अपने निवास से कार्यालय जाने की तैयारी कर रहे थे, तभी उनके मोबाइल नंबर 98148-88666 पर +14373354969 व +923000041561 से व्हाट्सऐप संदेश प्राप्त हुआ। आरोप है कि संदेश भेजने वाले ने






अपशब्दों का प्रयोग करते हुए उन्हें गोली मारने और किसी भी स्थान पर छिपने के बावजूद जान से खत्म करने की धमकी दी।

इतना ही नहीं, कथित गैंगस्टर ने व्हाट्सऐप ग्रुप में उनकी गाड़ियों के नंबर तक साझा कर दिए, जिससे धमकी को और भी गंभीर माना जा रहा है। गुरमीत सिंह के अनुसार, धमकी मिलते ही उन्होंने तुरंत 112 हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज करवाई, जिसका रेफरेंस नंबर 2523756 है।

उन्होंने यह भी बताया कि इससे पहले भी उन्हें पाकिस्तान आधारित नंबरों और अन्य असामाजिक तत्वों की ओर से धमकियां मिल चुकी हैं, जिनकी शिकायतें पुलिस के पास पहले से लंबित हैं। वरिष्ठ नागरिक और सामाजिक कार्यकर्ता होने के नाते उन्होंने मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज की जाए तथा उन्हें और उनके परिवार को पर्याप्त सुरक्षा प्रदान की जाए।

पुलिस प्रशासन ने शिकायत मिलने की पुष्टि करते हुए बताया है कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर कार्रवाई की जा रही है।

# आय से अधिक संपत्ति केस में बिक्रम सिंह मजीठिया को सुप्रीम कोर्ट से राहत, जमानत मंजूर

चंडीगढ़, यूटर्न, 02 जनवरी। शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ नेता और पंजाब के पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह मजीठिया को आय से अधिक संपत्ति मामले में सुप्रीम कोर्ट ने जमानत प्रदान कर दी है। वह करीब नौ महीने से पटियाला जिले की नाभा जेल में बंद थे। जमानत मिलने की पुष्टि अकाली दल के प्रवक्ता एवं वरिष्ठ अधिवक्ता अर्शदीप सिंह क्लेर ने की। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने मजीठिया की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि मामले की परिस्थितियों को देखते हुए उन्हें राहत दी जा रही है। कोर्ट ने यह भी नोट किया कि मजीठिया को एनडीपीएस मामले में वर्ष 2022 में जमानत मिल चुकी है और उस जमानत को रद्द कराने की राज्य सरकार की याचिका 2025 में खारिज हो चुकी है। सुनवाई के दौरान अदालत के सामने



यह तथ्य भी रखा गया कि मजीठिया लंबे समय से न्यायिक हिरासत में हैं, जांच एजेंसी चार्जशीट दाखिल कर चुकी है और कथित आय से अधिक संपत्ति का मामला 2007 से 2017 की अवधि से संबंधित है, जबकि एफआईआर 2025 में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत दर्ज की गई थी।

हालांकि, सर्वोच्च न्यायालय ने यह स्पष्ट किया है कि ट्रायल कोर्ट जमानत की शर्तें तय करते समय अभियोजन पक्ष की मांग पर कड़े प्रतिबंध लगा सकता है। 540 करोड़ से अधिक की कथित संपत्ति का आरोप

मामला पंजाब विजिलेंस ब्यूरो द्वारा दर्ज एफआईआर से जुड़ा है, जिसमें आरोप है कि मजीठिया और उनकी पत्नी ने घरेलू व विदेशी कंपनियों के माध्यम से 540 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति अर्जित की, जो उनकी घोषित आय से कहीं ज्यादा है। यह एफआईआर 7 जून 2025 को गठित विशेष जांच टीम (एसआईटी) की रिपोर्ट के आधार पर दर्ज की गई थी। इससे पहले पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने मजीठिया की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। हाईकोर्ट ने माना था कि जांच में अलग अपराध और बड़ी साजिश के संकेत मिलने पर दूसरी एफआईआर दर्ज की जा सकती है। अब सुप्रीम कोर्ट ने सभी पहलुओं पर विचार करते हुए मजीठिया को जमानत दे दी है।

# डेरा प्रमुख के बयान पर AAP का पलटवार: कहा- ₹संत-महात्मा को ऐसे बयानों से बचना चाहिए

नवीन गोगना

चंडीगढ़, युटर्न, 2 फरवरी। राधा स्वामी सत्संग ब्यास के प्रमुख बाबा गुरिंदर सिंह ढिल्लों द्वारा बिक्रम मजीठिया पर लगे आरोपों को झूठा बताए जाने के बाद अब राजनीतिक जंग छिड़ गई है। आम आदमी पार्टी के सीनियर नेता नील गर्ग ने मीडिया से बात करते हुए डेरा प्रमुख के इस बयान पर सवाल उठाए हैं। नील गर्ग ने कहा कि बाबा गुरिंदर सिंह ढिल्लों के देश और विदेश में लाखों भक्त हैं। ऐसी शख्सियत का किसी गंभीर मामले में नामजद व्यक्ति को 'क्लीन चिट' देना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि संत-महात्मा को ऐसे राजनीतिक और कानूनी मामलों में बयान देने से बचना चाहिए।



जब लाखों फॉलोअर्स वाला कोई व्यक्ति ऐसा बयान देता है, तो इससे समाज में गलत मैसेज जाता है। 'आप' नेता ने साफ किया कि बिक्रम मजीठिया के खिलाफ आरोपों की जांच की जा रही है और मामला कोर्ट के अंडर है। उन्होंने कहा, ₹यह तय करना सिर्फ कोर्ट का काम है कि कौन गलत है और कौन सही।₹ किसी भी धार्मिक नेता को ऐसा कुछ नहीं कहना चाहिए जिससे कानूनी प्रक्रिया पर असर पड़े।

गौरतलब है कि बाबा गुरिंदर सिंह ढिल्लों ने नाभा जेल में मजीठिया से मिलने के बाद अपने खिलाफ आरोपों को झूठा बताया था। नील गर्ग के इस तीखे जवाब के बाद पंजाब की राजनीति में इस मुद्दे के और गरमाने की उम्मीद है।

# द सिख 100 की 14वीं वार्षिक सूची वेबसाइट पर हुई लाइव, रामगढ़िया सभा ने डॉ. नवदीप सिंह बंसल को किया सम्मानित



चंडीगढ़, यूटर्न, 02 जनवरी। विश्व भर में फैले 28 मिलियन से अधिक सिख समुदाय में से हर वर्ष 100 प्रबुद्ध, प्रभावशाली और प्रेरणादायी सिख व्यक्तित्वों का चयन किया जाता है। इसी क्रम में द सिख ग्रुप द्वारा 'द सिख 100' की 14वीं वार्षिक सूची शुक्रवार, 2 फरवरी 2025 को दोपहर 2:00 बजे आधिकारिक रूप से जारी की गई।इस अवसर पर रामगढ़िया सभा के अध्यक्ष मनविंदर सिंह रनौटा ने द सिख ग्रुप के संस्थापक एवं सीईओ डॉ. नवदीप सिंह बंसल को विश्व स्तर पर सिख समुदाय को सम्मान और पहचान दिलाने के उनके सतत प्रयासों के लिए सम्मानित करते हुए आभार व्यक्त किया।

सूची के विमोचन के अवसर पर एक विशेष प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन भी किया गया, जिसमें वर्ष 2025 की सूची में शामिल कई प्रमुख सिख हस्तियाँ उपस्थित रहीं। औपचारिक रूप से सूची का अनावरण डॉ. नवदीप सिंह बंसल की उपस्थिति में किया गया।

गौरतलब है कि वर्ष 2012 में प्रारंभ की गई ह्यद सिख 100ह्व एक प्रतिष्ठित वार्षिक पहल है, जिसमें राजनीति, व्यापार, सार्वजनिक सेवा, शिक्षा, मीडिया, मनोरंजन, खेल, सामाजिक सेवा एवं सामुदायिक नेतृत्व जैसे विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 100 सिख व्यक्तित्वों को शामिल किया जाता है।

इस वर्ष की सूची में जत्थेदार कुलदीप सिंह गड़गज, हरदीप सिंह पुरी सहित अनेक विशिष्ट नाम शामिल हैं। कार्यक्रम के उपरांत पूरी सूची आधिकारिक वेबसाइट www.thesikh100.com पर लाइव कर दी गई है, जिसे अब विश्व भर में देखा जा सकता है।

# मोटरसाइकिल चोरी मामले में आरोपी गिरफ्तार, दो चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद

पंचकूला, यूटर्न, 02 जनवरी। पंचकूला पुलिस की एवीटी स्टाफ टीम ने मोटरसाइकिल चोरी के एक मामले का सफल खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से दो चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद की हैं। 31 जनवरी 2026 को थाना सेक्टर-20 पंचकूला में गांव अभयपुर, सेक्टर-19 पंचकूला निवासी मीरा मजूमदार की शिकायत पर ऑनलाइन एफआईआर दर्ज की गई थी। शिकायत में बताया गया कि उनके घर के सामने खड़ी मोटरसाइकिल को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया था।




मामले की जांच के दौरान पुलिस चौकी सेक्टर-19 एवं एवीटी स्टाफ पंचकूला द्वारा कार्रवाई करते हुए दिनांक 01.02.2026 को आरोपी नवजोत सिंह पुत्र सतवंत सिंह, निवासी भवात, जीरकपुर (पंजाब) को सबूतों के आधार पर गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए दो चोरीशुदा मोटरसाइकिल (एक अन्य बिना नंबर की चोरीशुदा मोटरसाइकिल) को इंडस्ट्रियल एरिया फेज-1, पंचकूला से बरामद करवाया। आरोपी के विरुद्ध धारा 305 बीएनएस के तहत मामला दर्ज है। मामले में आगे की जांच जारी है। आरोपी को माननीय अदालत में पेश कर 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजे जाने की प्रार्थना की गई है।

# जालंधर में पुलिस ने किसानों को हाईवे जाम से रोका, जमशेर बायोफ्यूल प्लांट का विरोध, किसानों ने सोफी पिंड में लगाया धरना

जालंधर/यूटर्न/2 फरवरी। जालंधर के जमशेर खास में लग रहे बायो-गैस/बायो-फ्यूल प्लांट को लेकर चल रहा विरोध तेज हो गया है। इसे लेकर सोमवार को किसान यूनियन सिद्धूपुर के लोग अमृतसर-दिल्ली हाईवे पर धरना लगाने पहुंचे। धरना देने से पहले ही पुलिस ने उनको रोक दिया। इसके बाद किसानों ने सोफी पिंड में रोड पर धरना लगा दिया। इससे गांवों को जाने वाला ट्रैफिक बाधित हो गया और जाम लग गया। किसान यूनियन के नेताओं ने सरकार और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। किसानों ने कहा कि प्लांट को आबादी से दूर शिफ्ट किया जाए। स्थानीय लोगों, किसानों और नेताओं का कहना है कि यह प्लांट आबादी वाले क्षेत्र के लिए खतरनाक हो सकता है। किसान यूनियन सिद्धूपुर ने इसके गेट को लेकर भी सवाल उठाया है। किसान नेताओं का कहना है कि प्लांट के दो गेट लगाए जा रहे हैं। एक गेट मंडी की तरफ बनाया जा रहा है जो बिल्कुल गलत है। इस गेट का काम रुकना चाहिए नहीं तो मंडी ही खत्म हो जाएगी। इस प्लांट से होने वाले प्रदूषण को को लेकर भी किसानों ने आपत्ति जाहिर की है। प्लांट के विरोध में किसान यूनियन सिद्धू ने पहले 1 जनवरी को अमृतसर-दिल्ली हाईवे जाम करने की कॉल दी थी, लेकिन संत रविदास जयंती और पीएम के दौरे के चलते वापस ले लिया था।



# हार्वेस्ट टेनिस अकादमी जूनियर एशियाई सॉफ्ट टेनिस चैंपियनशिप 2026 की मेजबानी करेगी

राज बब्बर

जस्सोवाल/यूटर्न/2 फरवरी। वैश्विक खेल मानचित्र पर लुधियाना की स्थिति को मजबूत करते हुए, हार्वेस्ट कैंपस की प्रमुख खेल सुविधा हार्वेस्ट टेनिस अकादमी, जस्सोवाल 3 से 8 फरवरी तक जूनियर एशियाई सॉफ्ट टेनिस चैंपियनशिप 2026 की आधिकारिक आयोजन स्थल भागीदार के रूप में मेजबानी करेगी। इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप में 23 एशियाई देशों के 600 से अधिक युवा खिलाड़ी भाग लेंगे, जो अंडर-15, अंडर-18 और अंडर-21 श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा करेंगे। अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप निर्मित, हार्वेस्ट टेनिस अकादमी में 14 विश्व स्तरीय टेनिस कोर्ट, आधुनिक प्रशिक्षण सुविधाएं और पेशेवर आयोजन के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचा मौजूद है, जो इसे उत्तर भारत के बेहतरीन टेनिस स्थलों में से एक बनाता है। लगभग 100 अंतर्राष्ट्रीय अधिकारी और सहायक कर्मचारी प्रतियोगिता की देखरेख करेंगे, जबकि इस आयोजन से लुधियाना में लगभग 700 अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों के आने की उम्मीद है, जिससे खेल पर्यटन को काफी बढ़ावा मिलेगा। हार्वेस्ट कैंपस के उपाध्यक्ष गुरदीप सिंह (पूर्व डीआईजीपी) ने कहा कि एशियाई स्तर की चैंपियनशिप की मेजबानी पंजाब की अंतरराष्ट्रीय खेल अवसंरचना में बढ़ती ताकत को दर्शाती है। हार्वेस्ट कैंपस के निदेशक संदीप सिंह ने कहा कि यह आयोजन संस्थान के उस दृष्टिकोण के अनुरूप है जिसके तहत युवा खिलाड़ियों को वैश्विक अनुभव प्रदान करने के साथ-साथ राज्य में खेल संस्कृति को मजबूत किया जा रहा है। इसमें जापान, कोरिया, चीन, चीनी ताइपे, थाईलैंड, नेपाल, भूटान, श्रीलंका, इंडोनेशिया, फिलीपींस और अन्य एशियाई देशों की टीमें भाग लेंगी।




# वार्ड नंबर 50 में मेयर द्वारा 16 करोड़ रुपये की लागत से सीवरेज पाइपलाइन परियोजना का शुभारंभ

सोनू टुटेजा

बठिंडा/यूटर्न/2 फरवरी। वार्ड नंबर 50 निवासियों को वर्षो पुरानी सीवरेज समस्या से निजात दिलाने की दिशा में एक बड़ी पहल करते हुए मेयर पदमजीत सिंह मेहता ने उक्त वार्ड में स्थित कोठे चिम्बेके सिवियां रोड से करीब 16 करोड़ रुपये की लागत वाले सीवरेज पाइपलाइन प्रोजेक्ट का नींव पत्थर रखा। इस अवसर पर मेयर ने वार्ड की माताओं-बहनों के हाथों से टक लगवाकर परियोजना का विधिवत शुभारंभ करवाया। इस कार्यक्रम का आयोजन आम आदमी पार्टी के वार्ड नंबर 50 के इंचार्ज सुखदेव सिंह की अगुवाई में किया गया, जो देखते ही देखते एक विशाल रैली का रूप धारण कर गया। कार्यक्रम में राणा रणदीप, जालंधर सिंह मक्खन, संदीप विक्की, विजय, अमनदीप, प्रदीप, सूरज, प्रदीप कुमार, काशी राम, प्रताप, राजा, शमशेर सिंह, सरबजीत सिंह, राहुल, संदीप सहित इलाके के सैकड़ों लोग उपस्थित थे। इस मौके पर वार्ड नंबर 50 के इंचार्ज सुखदेव सिंह ने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान, स्थानीय निकाय मंत्री संजीव अरोड़ा, मेयर पदमजीत सिंह मेहता तथा आम आदमी पार्टी सरकार का धन्यवाद किया।



# मनीमाजरा के पार्कों की बदहाली पर समाजसेवी राजबीर सिंह भारतीय ने प्रशासन को घेराः 'सुविधाएं शून्य, अव्यवस्था चरम पर'







पुनीत महाजन

चंडीगढ़, यूटर्न, 02 जनवरी। मनीमाजराः प्रसिद्ध समाजसेवी राजबीर सिंह भारतीय ने मनीमाजरा स्थित शिवालिक गार्डन, इंदिरा कॉलोनी पार्क और स्थानीय ग्रीन बेल्ट की खस्ताहाल स्थिति पर गहरा रोष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि प्रशासन की अनदेखी के चलते ये सार्वजनिक स्थान अब आम जनता और बच्चों के लिए असुरक्षित और असुविधाजनक बन चुके हैं।

मुख्य समस्याएं जो उठाई गई हैं:

सफाई व्यवस्था का बुरा हाल: पार्कों में चारों ओर गंदगी के ढेर लगे हैं। डस्टबिन की कमी और नियमित सफाई न होने से वातावरण दूषित हो रहा है।

वॉशरूमों की दयनीय स्थिति: पार्कों में बने सार्वजनिक शौचालयों की हालत इतनी खराब है कि उनका उपयोग करना नामुमकिन है। बदबू और गंदगी के कारण बीमारियां फैलने का डर बना हुआ है।

झूलों की मरम्मत का अभाव: बच्चों के खेलने के लिए लगाए गए झूले टूटे हुए हैं, जिससे मासूम बच्चों को चोट लगने का खतरा बना रहता है।

घास की कटिंग और रखरखाव: पार्कों में घास की समय पर कटिंग नहीं की जा रही है, जिससे पार्क जंगल का रूप ले रहे हैं। आवारा कुत्तों का आतंक: पार्कों के भीतर और बाहर आवारा कुत्तों का जमावड़ा लगा रहता है। इससे बुजुर्गों और बच्चों में दहशत का माहौल है।

राजबीर सिंह भारतीय का वक्तव्य:

"प्रशासन की लापरवाही के कारण मनीमाजरा के ये सुंदर पार्क अब अपनी पहचान खो रहे हैं। टैक्स देने वाली जनता को बुनियादी सुविधाएं भी नहीं मिल रही हैं। यदि जल्द ही सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई और झूलों की मरम्मत नहीं हुई, तो हम जनता की आवाज को और मुखर करेंगे।

राजबीर सिंह भारतीय ने प्रशासन से मांग की है कि संबंधित विभाग तुरंत इन पार्कों का निरीक्षण करे और प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्य शुरू करवाए ताकि स्थानीय निवासियों को राहत मिल सके।

Uturn Time 03 Feb 2026_Layout 2 02-02-2026 23:20 Page 10



# ढोका मोहल्ला में गंदे नाले की समस्या पर फूटा जन आक्रोश, निगम खिलाफ खोला मोर्चा, जोन-डी कार्यालय का घेराव

लुधियाना/यूटर्न/2 फरवरी। लुधियाना के ढोका मोहल्ला में बुड्ढे नाले का गंदा पानी भरने से परेशान स्थानीय लोगों और कांग्रेस कार्यकताओं ने सोमवार को नगर निगम प्रशासन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। जल निकासी की गंभीर समस्या को लेकर प्रदर्शनकारियों ने नगर निगम जोन-डी कार्यालय के बाहर धरना दिया और कार्यालय का मुख्य गेट बंद कर दिया। प्रदर्शन का नेतृत्व कांग्रेस पार्षद अरुण शर्मा ने किया। इस मौके पर पूर्व विधायक सुरेंद्र डाबर, पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर श्याम सुंदर मल्होत्रा, पार्षद पति इंद्रजीत इंदी, ब्लॉक प्रधान विपन अरोड़ा, सुशील लक्की, मंगतराम सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और स्थानीय निवासी मौजूद रहे। पार्षद अरुण शर्मा ने आरोप लगाया कि पिछले करीब एक साल से ढोका मोहल्ले में बुड्ढे नाले का दूषित पानी भरने की समस्या बनी हुई है। हर वर्ष बरसात के दिनों में नाला ओवरफ्लो हो जाता है, जिससे गंदा पानी लोगों के घरों में घुस जाता है। इससे जहां लोगों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है, वहीं बच्चे और बुजुर्ग बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं।



**घरों में घुस रहा गंदा पानी...**स्थानीय निवासियों ने बताया कि बीते करीब 10 दिनों से रोजाना नाले का गंदा पानी ओवरफ्लो होकर गलियों और सड़कों में फैल रहा है। इससे आवाजाही बाधित हो रही है और कई घरों में पानी घुसने से घरेलू सामान खराब हो चुका है। अरुण शर्मा ने कहा कि वह इस गंभीर समस्या को लेकर कई बार नगर निगम कमिश्नर, मेयर और संबंधित अधिकारियों से मिल चुके हैं तथा लिखित शिकायतें भी दे चुके हैं, लेकिन आज तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया। मजबूर होकर लोगों को सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करना पड़ा। धरना स्थल पर पार्षद ने साफ चेतावनी दी कि जब तक नगर निगम कमिश्नर स्वयं मौके पर जाकर स्थिति का जायजा नहीं लेंगी और समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

# महाल मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में वेस्टीब्युलर रिहैबिलिटेशन पर एक दिवसीय हैंड्स-ऑन वर्कशॉप

लुधियाना/यूटर्न/2 फरवरी। महाल मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, साउथ सिटी के फिजियोथेरेपी विभाग द्वारा वेस्टीब्युलर रिहैबिलिटेशन विषय पर एक दिवसीय हैंड्स-ऑन वर्कशॉप का आयोजन किया। इस प्रशिक्षण सत्र का उद्देश्य पंजाब भर के फिजियोथेरेपिस्ट्स को चक्कर (वर्टिगो) से पीड़ित मरीजों के उपचार में वेस्टीब्युलर रिहैबिलिटेशन तकनीकों के व्यावहारिक उपयोग का प्रशिक्षण देना था। वर्कशॉप में पुणे (महाराष्ट्र) से आई न्यूरो फिजियोथेरेपी में मास्टर्स डॉ. गार्गी बोरगांवकर ने रिसोर्स पर्सन के रूप में अपने अनुभव साझा किए। डॉ. गार्गी को वेस्टीब्युलर रिहैबिलिटेशन के क्षेत्र में 14 वर्षों से अधिक का अनुभव है। प्रशिक्षण सत्र में पंजाब से लगभग 25 फिजियोथेरेपिस्ट्स ने भाग लिया। इस अवसर पर डॉ. बलरीत महल (एमडी रेडियो डायग्नोसिस) ने टीम फिजियो वर्ल्ड को इस सफल कार्यशाला के आयोजन के लिए बधाई दी। वहीं विकास सचदेवा ने गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में वर्कशॉप की शोभा बढ़ाई। वर्कशॉप में सीनियर कंसल्टेंट फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. पोमिला चोपड़ा (एमपीटी ऑर्थोपेडिक्स), डॉ. दिविता अरोड़ा (एमपीटी कार्डियोपल्मोनरी) एवं डॉ. तुषार अरोड़ा (एमपीटी ऑर्थोपेडिक्स) ने भी भाग लिया।



# पेंटा होम्स में फ्लैट की दीवार के पास मिला चार माह का भ्रूण, इलाके में दहशत

## जीरकपुर के पॉश इलाके पेंटा होम्स में मिला भ्रूण, जांच में जुटी पुलिस

जीरकपुर, यूटर्न, 02 जनवरी। शहर के पॉश रिहायशी क्षेत्र पेंटा होम्स में उस समय सनसनी फैल गई, जब एक फ्लैट की दीवार के पास चार माह के भ्रूण के मिलने की सूचना सामने आई। घटना के बाद सोसाइटी में दहशत का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और भ्रूण को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जांच में भ्रूण दो दिन पुराना बताया जा रहा है। पुलिस को दिए बयान में पेंटा होम्स निवासी राकेश सिंह ने बताया कि वह आईटी सेक्टर में कार्यरत है और किराए के मकान में रहता है। 31 जनवरी को दोपहर करीब 12 बजे जब वह अपने घर के बाहर टहल रहा था, तभी उसे फ्लैट की साइड वाली दीवार के पास एक भ्रूण पड़ा दिखाई दिया। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना सोसाइटी प्रबंधन और पुलिस को दी।

सूचना मिलते ही थाना जीरकपुर से एएसआई राजीव कुमार पुलिस टीम, महिला पुलिस कर्मी और अन्य स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर राकेश सिंह का बयान दर्ज किया, जिसकी पुष्टि सोसाइटी मैनेजर अंगरेज सिंह ने भी की। प्राथमिक जांच में भ्रूण लगभग चार माह का प्रतीत हो रहा है, जिसे किसी अज्ञात व्यक्ति या महिला द्वारा वहां फेंके जाने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने भ्रूण को कब्जे में लेकर मेडिकल जांच के लिए भेज दिया है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि भ्रूण किस परिस्थिति में गिराया गया और इसमें किसी तरह की आपराधिक लापरवाही तो नहीं हुई। मृत भ्रूण को डेराबस्सी सिविल अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवाया गया है। पुलिस ने इस मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 94 के तहत अज्ञात व्यक्ति या महिला के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। कंट्रोल रूम और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को भी मामले की सूचना दे दी गई है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और सोसाइटी में आने-जाने वालों का रिकॉर्ड भी जांचा जा रहा है। घटना को लेकर स्थानीय लोगों में रोष है और उन्होंने दोषियों की जल्द पहचान कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही पूरे मामले की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।






# कैमरे की आंख और ईमानदारी का प्रतीकः धर्मवीर को अंतिम विदाई

लुधियाना/यूटर्न/2 फरवरी। 23 जनवरी 2026 को लगभग 90 वर्ष की आयु में वरिष्ठ फोटोजर्नलिस्ट धर्मवीर का निधन हो गया। वे अपने समर्पण, ईमानदारी और निडर दृष्टिकोण के लिए जाने जाते थे। धर्मवीर ने अपने जीवनकाल में हिंदी समाचार पत्रों जैसे दैनिक भास्कर, वीर प्रताप, जनसत्ता और पंजाब केसरी के साथ कार्य किया और पत्रकारिता जगत में अपनी अलग पहचान बनाई। धर्मवीर की खासियत उनकी मेहनत और विशेष नजर थी, जिससे वे किसी भी घटना या क्षण को विशिष्ट दृष्टिकोण से कैद कर पाते थे। उन्होंने अपने करियर के दौरान आतंकवाद के दौर में भी निडरता के साथ कार्य किया और घटनाओं की सच्चाई को कैमरे में कैद किया। उनकी विनम्रता और सहयोग की भावना उन्हें सभी सहकर्मी फोटोजर्नलिस्टों के बीच प्रिय बनाती थी। वे अक्सर अपने क्लिक किए गए चित्र दूसरों के साथ साझा करके सहयोग करते रहते थे और किसी भी खबर या घटना पर तुरंत पहुँचने के लिए तत्पर रहते थे। धर्मवीर ने लुधियाना के जिला जनसंपर्क अधिकारी के दफ्तर के साथ कई वर्षों तक निजी फोटोग्राफर के रूप में भी कार्य किया। उनके उत्कृष्ट योगदान को देखते हुए उन्हें अनेक पुरस्कार और सम्मान प्राप्त हुए। 5 नवंबर 2007 को उन्हें इंडियन मीडिया सेंटर, लुधियाना द्वारा लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसके अलावा, 19 अगस्त 2017 को विश्व फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर उन्हें लुधियाना की फोटोजर्नलिस्ट एसोसिएशन द्वारा उनके दशकों लंबे योगदान के लिए विशेष सम्मान प्रदान किया गया।



# संजय मिंका बने किरण विहार वेलफेयर सोसाइटी के प्रधान

लुधियाना/यूटर्न/2 फरवरी। लुधियाना किरण विहार कालोनी पक्खोवाल रोड स्थित किरण विहार वेलफेयर सोसाइटी का समाज सेवक संजय मिंका को ज्ञान सिह कालड़ा और बगलामुखी धाम के महंत परवीन चौधरी और कालोनी की प्रमुख शख्सियतों की उपस्थिति में कालोनी का प्रधान नियुक्त किया गया। इस अवसर पर संजय मिंका ने कालोनी वासियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि जो ये अहम जिम्मेवारी सौपी गई है। उसको कालड़ा महंत परवीन और कालोनी वासियों के मार्गदर्शक में पूरी तनदेही से निभाएंगे और हर समय कालोनी की सेवा के लिए तत्पर रहेगें।



# श्री आत्म वल्लभ जैन पब्लिक स्कूल, हुसैनपुरा में 10वीं कक्षा का विदाई समारोह संपन्न



लुधियाना/यूटर्न/2 फरवरी। श्री आत्म वल्लभ जैन पब्लिक स्कूल, हुसैनपुरा में सोमवार को 10वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह अत्यंत गरिमामय एवं भावनात्मक वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। समारोह में विद्यार्थियों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं। कक्षा 9वीं के विद्यार्थियों ने अपने सीनियर्स का स्वागत कर उन्हें शुभकामनाएँ एवं स्मृतिचिह्न भेंट किए। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने विद्यार्थियों को अनुशासन, आत्मविश्वास और निरंतर परिश्रम के साथ आगे बढ़ने का संदेश देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य एवं बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन की शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ।

Uturn Time 03 Feb 2026_Layout 2 02-02-2026 23:21 Page 11



# ढकोली में ओवरटेक विवाद ने लिया खौफनाक रूप, ताबड़तोड़ फायरिंग में युवक की मौत, एक गंभीर

जीरकपुर, यूटर्न, 02 जनवरी। बीती देर रात ढकोली के किशनपुरा इलाके में उस समय सनसनी फैल गई, जब होटल स्वेन-2 के नजदीक ताबड़तोड़ गोलियां चलने की घटना सामने आई। इस गोलीबारी में 24 वर्षीय युवक प्रिंस की मौत हो गई, जबकि 42 वर्षीय भरत भूषण गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को मोहाली के फोर्टिस अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है और वह जिंदगी व मौत की जंग लड़ रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह वारदात देर रात उस समय हुई जब सड़क पर गाड़ी ओवरटेक करने को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी हो गई। मामूली विवाद देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया। आरोप है कि ढकोली के राधे होम्स सोसाइटी निवासी कुलदीप सिंह ने अपने साथियों को मौके पर बुलाया और इसके बाद अचानक फायरिंग शुरू कर दी गई। गोलियों की आवाज से इलाके में अफरा-तफरी मच गई और लोग दहशत में आ गए।

गोली लगने से प्रिंस की मौके पर ही हालत गंभीर हो गई, जिसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं भरत भूषण को कई गोलियां लगने की सूचना है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मुख्य आरोपी कुलदीप सिंह को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि उसके अन्य साथियों की तलाश की जा रही है।



> “प्रथम दृष्टया मामला सड़क पर हुए विवाद से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है और मामले की गहनता से जांच की जा रही है। — पुलिस अधिकारी, जीरकपुर

घटना की सूचना मिलते ही जीरकपुर और ढकोली पुलिस मौके पर पहुंची और इलाके को घेरकर जांच शुरू की। फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि गोलीबारी में कितने हथियारों का इस्तेमाल हुआ और आरोपी पहले से किसी आपराधिक रिकॉर्ड में शामिल तो नहीं हैं। इस सनसनीखेज वारदात ने एक बार फिर ट्राइसिटी क्षेत्र में बढ़ती सड़क रेज और अपराध पर सवाल खड़े कर दिए हैं। देर रात सार्वजनिक स्थान पर हुई इस फायरिंग से आम लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए मोहाली के एसएसपी द्वारा रात 3:30 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पूरी जानकारी दिए जाने की बात कही गई है।

# बलटाना से 16 वर्षीय नाबालिग लड़की लापता, अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज

जीरकपुर, यूटर्न, 02 जनवरी। जीरकपुर के बलटाना क्षेत्र से एक नाबालिग लड़की के लापता होने का मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति या व्यक्तियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एकता विहार, बलटाना निवासी पीड़ित ने पुलिस चौकी बलटाना में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि उनकी 16 वर्षीय बेटी, जो घरेलू काम करती है, 3 जनवरी 2026 को शाम करीब सात बजे घर से निकली थी, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटी। परिजनों ने अपने स्तर पर रिश्तेदारों और आसपास के इलाकों में उसकी काफी तलाश की, लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं लग पाया है। पीड़िता की मां ने पुलिस को दिए बयान में आशंका जताई है कि उनकी बेटी को किसी अज्ञात व्यक्ति या व्यक्तियों द्वारा शादी या किसी अन्य बहाने से अपने साथ ले जाया गया हो सकता है। परिजनों ने बेटी की सुरक्षित बरामदगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस ने जांच शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में मामला भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 137(2) और 96 के तहत दर्ज किए जाने योग्य पाया गया है।






# जीरकपुर में बंद फ्लैट से बदबू आने पर खुला राज, व्यक्ति की मौत

## आइकन अपार्टमेंट में संदिग्ध हालात में व्यक्ति मृत, होटल कर्मी का शव बंद फ्लैट में मिला, दो-तीन दिन पुराना

जीरकपुर, यूटर्न, 02 जनवरी। वीआईपी रोड स्थित आइकन अपार्टमेंट में शुक्रवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब एक बंद फ्लैट से दुर्गंध आने की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दरवाजा खोला और अंदर एक व्यक्ति का शव बरामद किया। मृतक की पहचान 40 वर्षीय गिरीश नैय्यर के रूप में हुई है, जो मूल रूप से केरल का रहने वाला था और पिछले काफी समय से जीरकपुर के एक नामी होटल में काम कर रहा था।

जानकारी के अनुसार, गिरीश पिछले करीब 48 घंटों से न तो ड्यूटी पर गया था और न ही उसे आसपास के लोगों ने बालकनी या गैलरी में देखा था। शुक्रवार सुबह पास के फ्लैटों में रहने वाले लोगों को उसके फ्लैट से तेज दुर्गंध महसूस हुई। शक होने पर सोसायटी के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।

> हमें सोसायटी से सूचना मिली थी कि एक बंद फ्लैट से दुर्गंध आ रही है। मौके पर पहुंचकर शव कब्जे में लिया गया। प्रारंभिक जांच में शव 2-3 दिन पुराना लग रहा है। होटल प्रबंधन के माध्यम से केरल पुलिस से संपर्क कर परिजनों की तलाश की जा रही है।
> — राजीव कुमार, एएसआई, जांच अधिकारी, थाना जीरकपुर

सूचना मिलते ही थाना जीरकपुर पुलिस मौके पर पहुंची और फ्लैट का दरवाजा खोलकर देखा तो अंदर गिरीश का शव पड़ा हुआ मिला। प्रारंभिक जांच में शव दो से तीन दिन पुराना बताया जा रहा है। पुलिस ने घटनास्थल की बारीकी से तलाशी ली, लेकिन वहां से कोई भी ऐसा पुख्ता दस्तावेज या डायरी बरामद नहीं हुई, जिससे मृतक के परिवार का सटीक पता चल सके। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम से पहले डेराबस्सी के सिविल अस्पताल की मोर्चरी में 72 घंटे के लिए रखवा दिया है। होटल प्रबंधन से संपर्क कर केरल पुलिस के माध्यम से मृतक के परिजनों की तलाश की जा रही है। फिलहाल मौत के कारण स्पष्ट नहीं हो पाए हैं और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच की जा रही है और आसपास के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है।

# सिंहपुरा चौक पर तेज रफ्तार ऑटो डिवाइडर से टकराया, चार सवारी घायल

जीरकपुर, यूटर्न, 02 जनवरी। सिंहपुरा चौक पर रविवार सुबह करीब 11:30 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार ऑटो अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया, जिसके बाद वह पलट गया। हादसे में ऑटो सवार चार लोग घायल हो गए, जिनमें एक युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ऑटो की रफ्तार काफी तेज थी। चौक के पास चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और ऑटो सीधे डिवाइडर से जा टकराया। टक्कर के बाद ऑटो पलट गया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी।

हादसे में घायल लोगों को उपचार के लिए डेराबस्सी के सिविल अस्पताल ले जाया गया। तीन घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है, जबकि एक युवक की स्थिति अत्यंत नाजुक बनी हुई है। गंभीर रूप से घायल युवक की पहचान 20 वर्षीय राजकुमार, निवासी बिशनपुरा, जीरकपुर के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार दुर्घटना में राजकुमार का पैर घुटने के नीचे से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए सेक्टर-32 स्थित सरकारी अस्पताल रेफर कर दिया है। अन्य घायलों का इलाज डेराबस्सी अस्पताल में जारी है।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रैफिक को सुचारू करवाया।




# प्रधानमंत्री के दौरे का संजीव खन्ना ने किया जोरदार स्वागत, पंजाब को मिली ऐतिहासिक सौगातों पर जताया आभार



जीरकपुर, यूटर्न, 02 जनवरी। रविवार को श्री गुरु रविदास जी के प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जालंधर स्थित डेरा बल्लां में नतमस्तक हुए और डेरा प्रमुख संत निरंजन दास से भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रधानमंत्री के पंजाब आगमन पर आदमपुर एयरपोर्ट पर उनका स्वागत पंजाब भाजपा के प्रदेश सचिव एवं डेराबस्सी के वरिष्ठ नेता संजीव खन्ना ने किया।

इस अवसर पर संजीव खन्ना ने प्रधानमंत्री के प्रति आभार जताते हुए कहा कि गुरु रविदास जी के प्रकाश पर्व पर डेरा बल्लां में शीश नवाना करोड़ों श्रद्धालुओं के सम्मान और भावनाओं का आदर है। उन्होंने आदमपुर एयरपोर्ट का नाम श्री गुरु रविदास जी के नाम पर रखने के निर्णय की सराहना करते हुए इसे गुरु साहब के अनुयायियों के लिए गौरव का क्षण बताया।

संजीव खन्ना ने केंद्र सरकार द्वारा संत निरंजन दास जी को पद्म श्री से सम्मानित करने के फैसले को पंजाब की धार्मिक विरासत और समाज सेवा के प्रति सम्मान करार दिया। उन्होंने कहा कि यह निर्णय न केवल डेरा बल्लां बल्कि पूरे पंजाब के लिए गर्व की बात है। उन्होंने पंजाब को मिली एक और बड़ी सौगात का उल्लेख करते हुए कहा कि हलवारा एयरपोर्ट के शुरू होने से राज्य में व्यापार, उद्योग और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे, जिससे पंजाब की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। अंत में संजीव खन्ना ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मन में सिख धर्म और पंजाब के प्रति गहरा सम्मान है और यही कारण है कि वे राज्य के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता देते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का यह दौरा पंजाबियों के प्रति उनके लगाव और प्रतिबद्धता को स्पष्ट रूप से दर्शाता है।

## डेराबस्सी में पुलिस की नाकेबंदी, नियम तोड़ने पर वाहनों के चालान

डेराबस्सी, यूटर्न, 02 जनवरी। क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से डेराबस्सी पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत मुबारकपुर बस अड्डे के नजदीक पुलिस ने सख्त नाकेबंदी कर वाहनों की गहन जांच की। नाकेबंदी के दौरान मुबारकपुर बस अड्डे से आने-जाने वाले वाहनों को रोककर उनके दस्तावेजों की जांच की गई, वहीं संदिग्ध व्यक्तियों की भी तलाशी ली गई। जांच के दौरान हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। पुलिस ने बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट वाले कुल आठ वाहनों के चालान काटे। थाना डेराबस्सी के प्रभारी इंस्पेक्टर सुमित मोर ने बताया कि इलाके में शांति और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए इस तरह की मुहिम आगे भी लगातार जारी रहेगी। उन्होंने आम जनता से अपील की कि वे अपने वाहनों के सभी जरूरी कागजात पूरे रखें और ट्रैफिक नियमों का सख्ती से पालन करें।



# राजीव गांधी की हत्या के बाद, पाकिस्तान में कोऑर्डिनेटेड हमलों में पहली बार महिला सुसाइड बॉम्बर शामिल, बलूच आतंकी समूह ने तस्वीरें जारी कीं

चंडीगढ़/यूटर्न/2 फरवरी। 1991 में एक महिला सुसाइड बॉम्बर द्वारा राजीव गांधी की हत्या के बाद, पाकिस्तान में कोऑर्डिनेटेड हमलों में शामिल दो सुसाइड बॉम्बर की पहचान कर ली गई है और उनकी तस्वीरें जारी की गई हैं। बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (इछअ), जिसने पाकिस्तान के प्रांत के शहरों और कस्बों में बड़े पैमाने पर, कोऑर्डिनेटेड हमलों की जिम्मेदारी ली है, ने अपने दो हमलावरों की तस्वीरें जारी की हैं। दोनों महिलाएं हैं, जिनमें से एक की पहचान 24 वर्षीय आसिफा मेंगल के रूप में हुई है। इस घातक हमले में कम से कम 17 सुरक्षाकर्मियों सहित लगभग 50 लोग मारे गए। जवाब में, पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने अब तक 140 से अधिक आतंकवादियों को खत्म करने के लिए 40 घंटे की लड़ाई शुरू की, बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती ने रविवार को कहा। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि दो हमलों में महिला हमलावर शामिल थीं।



### दूसरी हमलावर का नहीं चला पता

इस बीच, दूसरी महिला हमलावर का नाम अभी तक पता नहीं चला है। एक वीडियो सामने आया है जिसमें वह हमला करने से पहले दिख रही है, जिसमें वह अपने साथी पुरुष इछअ सहयोगियों के साथ पाकिस्तानी सरकार का मजाक उड़ाती दिख रही है। स्वे (पाकिस्तान सरकार) केवल हमारी दबी-कुचली माताओं और बहनों पर अपनी ताकत दिखाते हैं, वे हमसे सीधे मुकाबला नहीं कर सकते। यह उनकी क्षमता से बाहर है। वह वीडियो में एक बड़ी बंदूक पकड़े हुए मुस्कुराते हुए कहती सुनाई दे रही है। हमें बस खुद को जगाना है; बलूच कौम को जागना होगा। हमें बलूच सरमाचारों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा होना होगा। दुश्मन के दिन गिने-चुने हैं; उनके पास ज्यादा ताकत नहीं है।

### हमलावरों की जानकारी भी दी

प्रतिबंधित इछअ ने कहा कि मेंगल मोहम्मद इस्माइल की बेटी थी और बलूचिस्तान के नुश्की की रहने वाली थी। उसका जन्म 2 अक्टूबर, 2002 को हुआ था और वह अपने 21वें जन्मदिन पर इछअ की मजीद ब्रिगेड में शामिल हुई थी। इछअ के बयान में कहा गया है कि मेंगल ने जनवरी 2024 में 'फिदायीन' (सुसाइड हमलावर) बनने का फैसला किया और शनिवार को नुश्की में क्रकमुख्यालय को निशाना बनाने वाली वही थी।

### पाक प्रांत में हुई घातक घटनाओं में से एक

यह पाकिस्तान के उस प्रांत में सालों में हुई सबसे घातक घटनाओं में से एक है, जिसकी सीमा अफगानिस्तान और ईरान से लगती है। पाकिस्तान के जूनियर मंत्री तलल चौधरी ने कहा कि आम नागरिकों के कपड़े पहने हमलावर स्कूल, बैंक, बाजार और अस्पतालों में घुस गए और फिर गोलीबारी शुरू कर दी। हमले शुक्रवार रात को शुरू हुए और शनिवार तक जारी रहे। बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद ने कहा कि नुश्की, हब, चमन, नसीराबाद, ग्वादर और मकरान सहित कई इलाकों से हमलों की खबरें मिलीं। बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारियों को इस तरह के ऑपरेशन की योजना बनाए जाने की खुफिया जानकारी थी, इसीलिए वे जवाबी हमला कर पाए।

### काला तूफान का दूसरा चरण शुरू

इछअ ने शनिवार को कहा कि उसने 'हेरोफ' (काला तूफान) नाम के अपने ऑपरेशन का दूसरा चरण शुरू किया है, जिसमें पूरे बलूचिस्तान में सुरक्षा बलों को निशाना बनाया गया है। पाकिस्तानी सेना ने कहा कि सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों द्वारा किसी भी शहर या रणनीतिक ठिकाने पर कब्जा करने की कोशिशों को नाकाम कर दिया है। यह प्रांत, जो पाकिस्तान का सबसे बड़ा और सबसे गरीब है, दशकों से विद्रोह का सामना कर रहा है क्योंकि बलूच अलगाववादी समूह आजादी और अपने प्राकृतिक संसाधनों में बड़ा हिस्सा चाहते हैं।




Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma

* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।

Contact - +91 9814295372